**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 468**
**गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर की स्थापना**

**468. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:**
**श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में प्रतिवर्ष 50 लाख या उससे अधिक यात्रियों को संभालने वाले हवाई अड्डों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन हवाई अड्डों का ब्यौरा क्या है जहां सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाए गए हैं, साथ ही उनकी परिचालन स्थिति क्या है और यात्री सुरक्षा जांच में क्या निष्कर्ष या सुधार देखे गए हैं;

(ग) अन्य उच्च यातायात वाले हवाई अड्डों पर सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाने की समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या सरकार को सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाने में किसी चुनौती का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त चुनौतियों से निपटने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ङ) सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाने से यात्री सुविधा और सुरक्षा दक्षता पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है और क्या अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नए सुरक्षा प्रोटोकॉल शुरू करने की कोई योजना है;

(च) क्या यह सच है कि भोगापुरम हवाई हड्डे पर परिचालन शुरू होने पर सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे; और

(छ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (छ)**:** प्रतिवर्ष 50 लाख या उससे अधिक यात्रियों को संभालने वाले हवाईअड्डों की राज्यवार सूची संलग्न है। देश के विमानन सुरक्षा विनियामक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने यात्रियों और बैगेज की तीव्र गति से प्रोसेसिंग के लिए भोगापुरम हवाईअड्डे सहित हवाईअड्डों पर सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाने की योजना बनाई है। तथापि, सीटीएक्स और बॉडी स्कैनर लगाने का काम, बीसीएएस द्वारा तकनीकी विनिर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया विकसित किए जाने तक लंबित है।

**परिशिष्ट – 'क'**

**वर्ष 2023-2024 के दौरान भारत में सर्वाधिक पर्यटकों (50 लाख से अधिक) वाले अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों की सूची**

| क्रम | हवाईअड्डे का नाम | शहर | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | यात्री (2023-24) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | दिल्ली | दिल्ली एनसीआर | 7,36,73,708 |
| 2 | छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | मुंबई | महाराष्ट्र | 5,28,20,754 |
| 3 | केम्पगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | बेंगलुरु | कर्नाटक | 3,75,28,533 |
| 4 | राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | हैदराबाद | तेलंगाना | 2,50,42,282 |
| 5 | चैन्ने अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | चैन्ने | तमिलनाडु | 2,12,07,262 |
| 6 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | कोलकाता | पश्चिम बंगाल | 1,97,84,417 |
| 7 | सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | अहमदाबाद | गुजरात | 1,16,96,227 |
| 8 | कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा | कोच्चि | केरल | 1,03,65,655 |
| 9 | पुणे हवाईअड्डा | पुणे | महाराष्ट्र | 95,25,484 |
| 10 | डाबोलिम हवाईअड्डा | गोवा | गोवा | 68,72,411 |

*****